प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

17.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

नीट परीक्षा

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा नीट यूजी–2024 के परिणाम में धांधली के आरोपों के संबंध में कहा है कि मामले में किसी भी तरह की गड़बड़ी करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य के साथ कोई खिलवाड़ सहन नहीं होगा। शिक्षा मंत्री ने एनटीए पर भी नराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि एनटीए में भी अगर कोई दोषी होगा तो उस पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नीट यूजी परीक्षा में इस बार 24 लाख से अधिक छात्र–छात्राएं शामिल हुए थे।

.....

प्रधानमंत्री योग वीडियो

21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 10वें संस्करण से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर योग करते हुए अपना एक वीडियो साझा किया। प्रधानमंत्री ने लोगों से योग के कई लाभों के लिए योगाभ्यास करने का आग्रह किया। वीडियो में स्वास्थ्य लाभों के साथ–साथ अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में पादहस्त आसन के बारे में जानकारी दी।

.....

ईद

देशभर में आज ईद–उल–अजहा बकरीद मनाई जा रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को ईद की बधाई दी है। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा है कि ईद–उल–अजहा का पवित्र त्योहार त्याग और बलिदान का प्रतीक है। यह प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ईद का ये त्योहार लोगों आपसी सौहार्द और भाईचारे की भावना बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है।

.....

ईद–बधाई

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी प्रदेशवासियों विशेष तौर पर मुस्लिम समुदाय को ईद की मुबारकबाद दी। राज्यपाल ने अपने सन्देश में सभी मुस्लिम भाई–बहनों को मुबारकबाद देते हुए उनके खुशहाल व समृद्ध जीवन की कामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वोच्च बलिदान की भावना का प्रतीक यह त्यौहार समाज को शांति, करूणा और एकता का सन्देश देता है।

.....

पीएम– मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 जून को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये मासिक रेडियो कार्यक्रम की 111वीं कड़ी होगी। नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में चुने जाने के बाद ये पहला 'मन की बात' कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम के लिए श्रोता टोल फ्री नंबर 1800–11–7800 के माध्यम से अपने विचार और सुझाव दे सकते हैं। आप अपने विचार नरेंद्र मोदी ऐप या माय गोव ओपन फोरम के माध्यम से ऑनलाइन भी साझा कर सकते हैं। 28 जून तक भेजे गए सुझाव और विचारों को इस कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

.....

अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव

अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव शिमला की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में कल मुख्य आकर्षण कव्वाली (रूहदारी कव्वाल) और प्रसिद्ध पार्श्व गायक साज भट्ट रहे। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। ग्रीष्मोत्सव में उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र पटियाला के कलाकारों ने प्रतिदिन बहरूपिया, कच्ची घोड़ी, वायोस्कोप व कठपुतली के रूप में लोगों का खूब मनोरंजन किया। अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव शिमला की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में आज प्रसिद्ध पार्श्व गायिका महालक्ष्मी अय्यर अपनी प्रस्तुति देंगी। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

.....

एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला का शीर्षक है–हिमाचल की एक हज़ार योजनाओं में पानी न्यूनतम स्तर पर' सरकार गंभीर, विभाग को अलर्ट पर रहने को कहा–मांगी जा रही साप्ताहिक रिपोर्ट, शिमला समेत कई जगह टैंकरों से सप्लाई।

हिमाचल दस्तक की सुर्खी है–सीएम बोले–ढली नारकंडा सड़क बनाई जाएगी फोरलेन। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–सेब बागवानों के लिए 153 करोड. जारी–नारकंडा में बोले सी.एम. सुखविंदर सिंह सुक्खू, मंडी मध्यस्थता योजना के तहत सभी लंबित भुगतान करेगी सरकार।

दैनिक सवेरा टाईम्स मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है– कुल्लू, हमीरपुर, नाहन और ऊना दुग्ध संयत्रों की क्षमता की जाएगी 20–20 हजार लीटर।

दैनिक जागरण की एक खबर है–वनों की आग, गर्मी ने बिगाड़ी वायु की गुणवत्ता।

कृषि वैज्ञानिकों को अब किसानों से फील्ड में जाकर करना होगा संवाद दैनिक भास्कर की एक सुर्खी है।

सूखे से हिमाचली सेब पर संकट शीर्षक से हिमाचल दस्तक लिखता है–प्रंचड गर्मी से मुरझाने लगे पौधे, नए लगाए पौधे भी सूखे।

मौसम पर पंजाब केसरी लिखता है–शिमला से ऊना तक लू, लोग बेहाल, कल से बारिश के आसार। अमर उजाला का शीर्षक है– टूटे गर्मी के रिकार्ड, सुंदरनगर 5 और भुंतर 12 साल बाद फिर तपे। आपका फैसला के शब्द हैं–सुंदरनगर 17 व भुतंर 12 साल बाद सबसे अधिक गर्म– हिमाचल के कई क्षेत्रों में आज के लिए भीषण लू चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी। दैनिक भास्कर का शीर्षक है–पर्यटकों से गुलजार हुए पर्यटन स्थल, 3 दिन में पहुंचे 4 लाख से ज्यादा सैलानी, 2 दिन हीटवेव का अलर्ट।